प्रेस नोट थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर दिनांक 21.02.2026

हत्या का प्रयास करने के आरोप में 03 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 अवैध देशी पिस्टल, 03 जिन्दा कारतूस व 08 खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 32/2026 धारा 191(2),191(3),109(1),115(2),352,333,351(3) भा0न्या0सं0 से संबंधित अभियुक्त 1.आर्थक प्रताप सिंह, 2.अनीश शुक्ला व 3. विपिन को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध देशी पिस्टल, 03 जिन्दा कारतूस व 08 खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन बरामद किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 20.02.2026 को अभियुक्तों द्वारा पुरानी रंजिश में चार पहिया वाहन से वादिनी के घर पर आकर गाली गुफ्ता व जान से मारने की धमकी देते हुए जान से मारने की नीयत से हवाई फायर किया गया। जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

1. आर्थक प्रताप सिंह पुत्र आदित्य प्रताप सिंह निवासी बरही कोठी जगन्नाथपुर थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर
2. अनीश शुक्ला पुत्र स्व0 अजय कुमार शुक्ला निवासी सूरजकुण्ड डी ब्लाक थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर
3. विपिन कुमार उर्फ आलोक कुमार सिंह पुत्र अमरेन्द्र सिंह निवासी अम्बेडकर नगर भीखमपुर रोड थाना कोतवाली जनपद देवरिया

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 32/2026 धारा 191(2),191(3),109(1),115(2),352,333,351(3) भा0न्या0सं0

बरामदगी-

2 अदद अवैध देशी पिस्टल 32 बोर मय 03 अदद जिन्दा कारतूस तथा 08 अदद खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त चारपहिया वाहन

गिरफ्तारी की टीम-

1. व0उ0नि0 शिवराज सिंह थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 दुर्गेश कुमार वैश्य चौकी प्रभारी नखास थाना कोतवाली गोरखपुर
3. उ0नि0 पंकज कुमार चौकी प्रभारी बक्शीपुर थाना कोतवाली गोरखपुर
4. उ0नि0 दीपशिखा रंजन चौकी प्रभारी नगर निगम थाना कोतवाली गोरखपुर
5. कां0 अनिकेत सिंह थाना कोतवाली गोरखपुर
6. कां0 निखिल यादव थाना कोतवाली गोरखपुर
7. कां0 अजय कुमार थाना कोतवाली गोरखपुर